web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 28 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 271

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जालंधर में मचा हड़कंप, अर्बन एस्टेट फेस 1 में दिखी 4 फुट लंबी जंगली छिपकली

**जालंधर (आरएनएस)।** जालंधर के अर्बन एस्टेट फेस 1 में उस समय हडक़ंप मच गया जब एक घर में 4 फुट लंबी जंगली छिपकली देखी गई। जिस कारण इलाके में सहम का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार जंगली छिपकली को एक घर के अंदर दरवाजे के उपर चढ़ते देखा गया है। हालांकि कुछ समय बाद वह वहां से गायब हो गई। वन विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है।



### अमृतसर में भूमि विवाद को लेकर चलीं गोलियां, दो की मौत

**अमृतसर (आरएनएस)।** यहां जमीन विवाद को लेकर हुई फायरिंग में 2 लोगों की मौत हो गई जबकि पांच घायल हो गए। 4 की हालत नाजुक है जिन्हें अमृतसर के प्राइवेट अस्पताल में दाखिल करवाया गया है, जबकि एक का इलाज लोपोके में चल रहा है। मृतकों के नाम बलवंत सिंह और गुरप्रीत सिंह हैं। उल्लेखनीय है कि कल पंजाब के पटियाला में भूमि विवाद में हुई गोलीबारी में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी, वहीं घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि 40 साल पहले जमीन के बंटवारा हुआ था। आज आरोपियों ने जमीन पर हल चला दिया, जिसके बाद पीड़ित पक्ष बातचीत करने के लिए गया। लेकिन आरोपियों ने नाजायज हथियार निकाल लिए। उन्होंने अंधा-धुंध फायरिंग शुरू कर दी।

### यूपी में हत्या के जुर्म में छात्र को उम्रकैद, 2017 में वारदात को दिया था अंजाम

**कानपुर (आरएनएस) ।** उत्तर प्रदेश में कानपुर की एक अदालत ने डकैती के दौरान हत्या के मामले में 26 वर्षीय युवक को उम्रकैद की सजा सुनाई। व्यक्ति ने सात साल पहले अपने पड़ोस के घर में डकैती के दौरान निशा केजरीवाल (52) की हत्या कर दी थी। निशा का शव 12 जुलाई 2017 को उनके घर के अंदर मिला था।पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए निशा के पड़ोसी आदित्य नारायण सिंह की घटनास्थल पर मौजूदगी का पता लगाने में सफल रही। वारदात को अंजाम देने के दौरान युवक की उम्र 19 साल थी। यह साबित हो चुका है कि आदित्य नारायण सिंह ने लूटपाट के लिए महिला की हत्या की थी। आरोपी ने वारदात को तब अंजाम दिया जब निशा घर पर अकेली थी। दोषी के निशा केजरीवाल के साथ दोस्ताना संबंध थे। वह घर के हर सदस्य की दिनचर्या से अच्छी तरह वाकिफ था। पुलिस ने जांच के दौरान आदित्य के घर से सोने-चांदी के आभूषण और 1.4 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। कानपुर पुलिस ने बताया कि हत्या से पहले आदित्य तीन साल तक मुंबई में रहा था। उसने सीएलएटी पास कर लिया था और एलएलबी की पढ़ाई भी सिफऱ् पहले सेमेस्टर में ही की थी। दरअसल, उसे उसकी बुरी आदतों के कारण कॉलेज से निकाल दिया गया था। अतिरिक्त जिला सरकारी वकील विनोद त्रिपाठी ने कहा कि आरोपी ने जघन्य अपराध किया है। उसने पीड़िता के चेहरे पर हथौड़े और चाकू से 13 वार किए थे। उन्होंने मांग की कि उसे मौत की सजा मिलनी चाहिए।

# नीट पेपर लीक : सीबीआई ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार




**नई दिल्ली । आरएनएस**

नीट पेपर लीक मामले को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर यह है कि सीबीआई ने इस मामले के दो आरोपियों मनीष प्रकाश और आशुतोष को गिरफ्तार किया है। दोनों ने ही पटना के प्ले एंड लर्न स्कूल को रात भर के लिए बुक कराया था। इसी स्कूल में 20 से 25 कैंडिडेट्स को इकट्ठा करके आंसर रटवाया गया। यहीं जली बुकलेट के टुकड़े मिले थे। सीबीआई ने गिरफ्तारी की आधिकारिक सूचना मनीष की पत्नी को फोन पर दी। वहीं सीबीआई ने पेपर लीक के दो आरोपी चिंटू और मुकेश को रिमांड पर ले लिया है। दोनों आरोपियों को बेउर जेल से लेकर निकली और फिर मेडिकल कराया। इसके बाद दफ्तर लेकर पहुंची। मनीष प्रकाश ने अपने दोस्त आशुतोष से कहकर लर्न एंड प्ले स्कूल को परीक्षार्थियों के लिए बुक कराया था। सीबीआई और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 3 मई को क्वेश्चन पेपर कूरियर एजेंसी ब्लू डार्ट के हजारीबाग नूतन नगर सेंटर से बैंक ले जाने की बजाय पहले ओएसिस स्कूल लाया गया था। इसके बाद यहां से बैंक भेजा गया। ऐसे में संदेह का दायरा बढ़ रहा है कि क्वेश्चन पेपर का पैकेट खोलने का खेल स्कूल में ही हुआ है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कोचिंग संस्थान की याचिका पर जताया आश्चर्य

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नीट-यूजी परीक्षा के आयोजन में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक कोचिंग संस्थान की ओर से रिट याचिका दायर करने पर आश्चर्य जताया। जस्टिस मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने नीट छात्रों के लिए चलाए जा रहे कोचिंग संस्थान जाइलम लर्निंग का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील से पूछा, आपके कौन से मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है कि आप संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका लेकर यहां पहुंच गए?
जवाब में वकील आर. बसंत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मामले में दायर याचिका में छात्रों को भी याचिकाकर्ता बनाया गया है।
अधिवक्ता ए. कार्तिक के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) से प्रकाशित सूचना बुलेटिन के अनुसार, कई छात्रों को ओएमआर उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।
याचिका में कहा गया है कि छात्रों ने ईमेल भेजकर एनटीए से संपर्क किया, लेकिन उन ईमेल का जवाब नहीं दिया गया। इससे छात्र अपनी उत्तर पुस्तिकाएं देखने और आंसर की के साथ उसका मिलान करने से वंचित हो गए।
पीठ में जस्टिस एसवीएन भट्टी भी शामिल थे। पीठ ने कहा, इस मामले को लंबित याचिकाओं के समूह से जोड़ा जाए।
सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा, श्री वर्धमान कौशिक ने एनटीए की ओर से नोटिस स्वीकार कर लिया है। इसी तरह के कुछ मामले इस कोर्ट में हैं और इस मामले को भी उसी के साथ जोड़ दिया जाय।
इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि सरकार पेपर लीक के मामलों में निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एनटीए के दफ्तर में घुसे एनएसयूआई के कार्यकर्ता, दफ्तर में लगाया ताला

युवा कांग्रेस ने नीट-यूजी परीक्षा में धांधली के खिलाफ गुरुवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया जिसमें कई नवनिर्वाचित सांसदों तथा पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। वहीं, कांग्रेस स्टूडेंट विंग एनएसयूआई के कार्यकर्ता 100 लोगों को लेकर दिल्ली के एनटीए के दफ्तर में घुस गए। इसके बाद उन्होंने दफ्तर को ताला लगा दिया। इस दौरान उनकी वहां सुरक्षाकर्मियों से झड़प भी हुई है। एनटीए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज ये ताला दिल्ली के ऑफिस में लगा है। कल पूरे देशभर के एनटीए के दफ्तरों में ताला बंद होगा। इसके साथ वहां मौजूद ह्स्द्ढ कार्यकर्ताओं ने ह्रञ्ज्र बंद करो के नारे लगाने शुरू कर दिए। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि संगठन के अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी. के नेतृत्व में यहां जंतर मंतर से संसद का घेराव के लिए एकत्रित हुए कार्यकर्ता जब संसद की तरफ बढऩे लगे तो दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोका लेकिन उत्साहित कार्यकर्ता आगे बढऩे का प्रयास करने लगे तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान कई युवा घायल हुए हैं। पुलिस लगातार डंडे मारती रही जिसमें कई युवाओं को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने बाद में कई युवाओं को हिरासत में लिया जिन्हें बाद में छोड दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा ''नीट-यूजी परीक्षा धांधली ने 24 लाख युवा छात्रों के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है।

## जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के 5 आतंकी आकाओं की करोड़ों की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर । आरएनएस**




जम्मू-कश्मीर की बारामूला कोर्ट की ओर से पारित कुर्की के आदेश के बाद बारामूला पुलिस ने पाकिस्तान स्थित पांच आतंकी आकाओं की करोड़ों की संपत्ति जब्त कर ली है।

पुलिस ने बशीर अहमद गनी, मेहराज उद दीन लोन, गुलाम मोहम्मद याटू, एबी रहमान भट, एबी राशिद लोन के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र न्यायालय के आदेश के बाद पाकिस्तान के आतंकी आकाओं की करोड़ों रुपये की 9 कनाल भूमि जब्त की गई है। यह कार्रवाई सीआरपीसी 83 की धाराओं के तहत की गई है जिसका संबंध केस संख्या 04/2008 धारा 2/3 ईआईएमसीओ अधिनियम, 7/25 भारतीय शस्त्र अधिनियम, 13 यूए (पी) अधिनियम के तहत पीएस क्रीरी के मामले से जुड़ी हुई है।

पुलिस की जांच और पूछताछ के दौरान इस बात का खुलासा हुआ कि ये यह संपत्ति आतंकी संचालकों की है। यह अभियान आतंकी गतिविधियों से निपटने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 12 जून को बारामूला पुलिस ने आठ आतंकी संचालकों को भगोड़ा घोषित किया था और इससे चार दिन पहले पाकिस्तान में मौजूद दो आतंकी संचालकों की बारामूला में मौजूद संपत्ति जब्त की गई थी।

## झारखंड के पलामू में कन्स्ट्रक्शन साइट पर नक्सलियों का हमला

**❐ तीन गाड़ियां फूंकी**

**पलामू । आरएनएस**

झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत हैदरनगर थाना क्षेत्र में सीपीआई माओवादी नक्सलियों ने एक रोड कन्स्ट्रक्शन साइट पर हमला बोलकर तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया। वारदात बुधवार-गुरुवार देर रात की है।नक्सलियों ने सडक़ निर्माण करा रही कन्स्ट्रक्शन कंपनी से लेवी (रंगदारी) की मांग की थी। माना जा रहा है कि मुंह मांगी रकम न मिलने पर इस वारदात को अंजाम दिया गया। पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने वारदात की पुष्टि की है। नक्सलियों की तलाश में पुलिस ने अभियान शुरू किया है।




बताया गया है कि हैदरनगर में डंडिला से सड़ेया गांव तक सडक़ निर्माण चल रहा है। सीपीआई माओवादियों का एक हथियारबंद दस्ता डंडिला पहुंचा और एक जेसीबी एवं दो ट्रैक्टरों में आग लगा दी।

इस सडक़ का निर्माण अभय कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी कर रही है, जिसके मालिक हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह के भाई विनय कुमार सिंह हैं। पुलिस सूत्रों ने वारदात के पीछे 15 लाख इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव के दस्ते का हाथ बताया है।


बीते छह महीने में झारखंड के पलामू, चतरा, लातेहार, रांची, सिमडेगा और हजारीबाग जिले में अलग-अलग कन्स्ट्रक्शन साइट्स पर नक्सलियों ने एक दर्जन से ज्यादा हमले किए हैं और दर्जनों वाहनों को आग के हवाले किया है। 28 मई को रांची जिले के खलारी के पास नक्सलियों के एक दस्ते ने ऑप्टिकल फाइबर बिछा रही कंपनी के साइट पर हमला बोलकर एक ट्रेलर में आग लगा दी थी, जिससे उस पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

## देश में पहली बार बाइलेटरल ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया का इलाज

**❐ सुसाइड करने को आमादा थी पीड़िता**

**मुंबई । आरएनएस**

मुंबई के डॉक्टरों की एक टीम ने बाइलेटरल ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया से पीड़ित 56 वर्षीय एक महिला का एडवांस न्यूरोसर्जरी के जरिए सफल इलाज किया। भारत में इस तरह का यह पहला मामला है। जसलोक हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर ने गुरुवार को एक बयान में कहा, प्राइमरी बाइलेटरल ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया अत्यंत दुर्लभ बीमारी है। इसके 0.6 से 5.9 प्रतिशत मामले ही सामने आते हैं। आज तक इंग्लिश मेडिकल लिटरेचर में केवल 24 मामले ही रिपोर्ट किए गए हैं, इनमें से कोई भी भारत से नहीं है। भारत में यह पहला मामला सामने आया है। इसमें बाइलेटरल माइक्रोवैस्कुलर डीकंप्रेसन (एमवीडी) किया गया। इसके परिणामस्वरूप मरीज को दर्द से पूरी तरह राहत मिली। महाराष्ट्र की निवासी किरण अवस्थी को चेहरे के दोनों तरफ पांच साल से हो रहे तीव्र झटके जैसे दर्द के बाद जसलोक हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के डॉक्टरों के पास लाया गया। महिला का यह दर्द कई मिनट तक चलता था। इससे उन्हें बात करने, खाने, दांत साफ करने और यहां तक कि ठंडी हवा के संपर्क में आने से परेशानी होती थी।




बिमारी का निदान न होने के चलते कई तरह के उपचार के बावजूद महिला को कोई राहत नहीं मिली। असहनीय दर्द के चलते उसके लिए रोजमर्रा के घरेलू कामों को करना मुश्किल हो गया। वह खुदकुशी करने पर विचार करने लगी।

पिछले साल अक्टूबर में एमआरआई स्कैन से पता चला कि उसकी ट्राइजेमिनल नसों पर वैस्कुलर लूप दबाव डाल रहे थे। उसमें बाइलेटरल प्राइमरी ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया का पता लगाया गया। जसलोक अस्पताल के न्यूरोसर्जन राघवेन्द्र रामदासी ने कहा, बाइलेटरल ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया को सबसे दर्दनाक स्थितियों में से एक के रूप में जाना जाता है। इस दुर्लभ मामले का निदान कर भारत में पहली बार बाइलेटरल माइक्रोवैस्कुलर डीकंप्रेशन के साथ इसका सफल इलाज किया गया। पांच साल बाद फिर से मरीज को सामान्य जीवन जीते हुए देखना हमारे लिए सबसे बड़ा इनाम है। इसमें कार्बामाजेपाइन, गेबापेनटिन, लेमोट्रीजीन और टोपिरामेट जैसी दवाएं राहत प्रदान कर सकती हैं। माइक्रोवैस्कुलर डिकम्प्रेशन इसका अब भी सर्वोत्तम उपचार है। मरीज का पहले बायीं ओर का ऑपरेशन किया गया, उसके एक सप्ताह बाद दाहिनी ओर का ऑपरेशन किया गया। डॉक्टर ने कहा, सर्जरी के बाद मरीज को दर्द से पूरी तरह राहत मिली। इससे उसका जीवन सामान्य हो सका। छह महीने बाद अब वह दर्द रहित जीवन जी रही है। नया जीवन देने के लिए डॉक्टर को धन्यवाद देते हुए किरण ने कहा कि वह मृत्यु के द्वार से वापस आई थी। असहनीय दर्द होने के चलते वह आत्महत्या करने वाली थी।

## हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी, वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोर्ट में हुए पेश

**रांची । आरएनएस**

रांची स्थित पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। यानी 11 जुलाई तक वे रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में रहेंगे।गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में उनकी उनकी पेशी हुई और इसके बाद न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई।

जमीन घोटाले के इसी मामले में जेल में बंद राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मो. सद्दाम, झामुमो नेता अंतु तिर्की, रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मचारी तापस घोष, संजीत कुमार एवं अन्य आरोपियों की भी गुरुवार को अदालत में ऑनलाइन पेशी हुई और उनकी हिरासत भी 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई।

बता दें कि रांची के बडग़ाईं अंचल में साढ़े आठ एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीदारी करने के मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को बीते 31 जनवरी को आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह जेल में बंद हैं।

इस मामले में अब तक कुल 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हेमंत सोरेन ने इस मामले में झारखंड हाई कोर्ट में जमानत की याचिका दायर की थी, जिस पर 13 जून को सुनवाई पूरी करने के बाद जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ फूटा आप सांसदों का गुस्सा, संसद परिसर में लगाए 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे

**नई दिल्ली । आरएनएस**

आम आदमी पार्टी के लोकसभा व राज्यसभा सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे इन सांसदों का कहना था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी गलत है। सीबीआई कार्रवाई के खिलाफ हाथों में तख्ती लिए इन सांसदों ने 'तानाशाही नहीं चलेगी', 'केजरीवाल को रिहा करो' के नारे लगाए। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि वे सीबीआई द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मुद्दे पर राज्यसभा में भी प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सांसद राष्ट्रपति के अभिभाषण का भी बहिष्कार करेंगे।

आम आदमी पार्टी को इस मुद्दे पर शिवसेना (यूबीटी) का समर्थन भी मिला है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया, ये आपातकाल से भी अधिक तानाशाही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर संसद में सवाल पूछे जाएंगे।

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी इसे तानाशाही और इमरजेंसी करार दिया है। सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा कि यह कानून नहीं है, इमरजेंसी है और तानाशाही है।

सुनीता केजरीवाल ने कहा कि 20 जून को अरविंद केजरीवाल को बेल मिली। तुरंत ईडी ने स्टे लगवा लिया। फिर सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। पूरा तंत्र इस कोशिश में है कि बंदा जेल से बाहर ना आ जाये। ये क़ानून नहीं है। ये तानाशाही है, इमरजेंसी है। आम आदमी पार्टी ने का कहना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ न कोई सबूत है, न ही कोई मनी ट्रेल मिला है और न ही कोई पैसा अभी तक बरामद हुआ है, लेकिन फिर भी जानबूझकर उन्हें अभी तक सलाखों के पीछे रखा गया है। ताकि आम आदमी पार्टी को पूरी तरीके से खत्म किया जा सके।

## राष्ट्रपति का अभिभाषण : बोलीं-सरकार किसानों के हित में कर रही काम, लखपति दीदी अभियान चलाया; देश बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली । आरएनएस**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण शुरू हो गया है। अभिभाषण की शुरुआत में उन्होंने कहा- मैं 18वीं लोकसभा के सदस्यों को बधाई देती हूं। आप देश के मतदाताओं का विश्वास जीत कर आए हैं। ये सौभाग्य कम लोगों को मिलता है। मुझे आशा है आप इसे निभाएंगे।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देश के किसानों को 3.20 लाख करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। मेरी सरकार के नए कार्यकाल की शुरुआत के बाद से, किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित किए गए हैं। सरकार ने खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भी रिकॉर्ड वृद्धि की है। आजकल भारत अपनी मौजूदा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपनी कृषि प्रणाली में बदलाव कर रहा है दुनिया में तेजी से भारतीय किसानों के पास इस मांग को पूरा करने की पूरी क्षमता है।

राष्ट्रपति बोलीं- मेरी सरकार का मत है कि दुनिया में निवेशकों को आकर्षित करने स्वस्थ्य स्पर्धा हो। सदस्यगण रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के संकल्प ने भारत को सबसे तेजी से बढऩे वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है। बीते सालों में हमने 100 साल की सबसे बड़ी आपातकालीन दशा देखी है। आज भारत अकेले ही दुनिया की ग्रोथ में 15 प्रतिशत का योगदान दे रही है। मेरी सरकार देश को दुनिया की तीसरी इकोनॉमी बनाने में लगी है।

उन्होंने कहा जीएसटी ने भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन 2 लाख करोड़ का स्तर पार कर गया है। इससे राज्यों का भी विकास हुआ है। महिला सशक्तीकरण की नई शुरुआत की। नारी शक्ति वंदन अधिनियम की ताकत है। एक दशक में आर्थिक सामर्थ्य बढ़ा है। मेरी सरकार ने 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने अभियान चलाया। इसके लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप की मदद ली जा रही है। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत सेल्फ हेल्प ग्रुप को ड्रोन दिए जा रहे हैं।

अब दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता होगी। नए कानून से इस प्रक्रिया में तेजी आएगी। मेरी सरकार ने ष्ट्र के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है। मैं इन लोगों के बेहतर भविष्य की कामना करती हूं। हाल ही में कुछ परीक्षाओं में हुई पेपर लीक की जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए मेरी सरकार प्रतिबद्ध है। पहले भी कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुईं, इसके लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है। संसद ने भी इसके लिए कानून बनाया है।